प्रवेश प्रक्रिया (2026–27)
(स्नातक एवं स्नातकोत्तर – प्रथम वर्ष)

महत्वपूर्ण सूचना:
पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया में अपने स्वयं का मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी का ही प्रयोग करें। किसी अन्य का उपयोग न करें।

चरण 1: CSJM विश्वविद्यालय SAMARTH पोर्टल पर पंजीकरण

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर SAMARTH Portal पर अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी से पंजीकरण करें। ₹300 का पंजीकरण शुल्क जमा करें तथा पंजीकरण पूर्ण होने के बाद उसका प्रिंटआउट निकाल लें।

चरण 2: ABC (Academic Bank of Credits) पोर्टल पर पंजीकरण

ABC पोर्टल पर पंजीकरण करें तथा पंजीकरण के बाद उसका प्रिंटआउट निकाल लें।

चरण 3: DBS कॉलेज की वेबसाइट पर पंजीकरण

DBS कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ₹300 शुल्क जमा कर पंजीकरण करें तथा उसकी रसीद का प्रिंटआउट निकाल लें।

चरण 4: ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरना

जिस कक्षा/कोर्स में प्रवेश लेना है, उसका विवरण ऑनलाइन फॉर्म में भरें। निर्धारित कोर्स शुल्क जमा करें तथा भरे हुए फॉर्म का प्रिंटआउट निकाल लें।

चरण 5: एडमिशन कमेटी के समक्ष प्रस्तुत होना

उपरोक्त सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ एडमिशन कमेटी के समक्ष प्रस्तुत हों।

प्रवेश फॉर्म के साथ संलग्न करने वाले दस्तावेज:

1. SAMARTH पोर्टल रजिस्ट्रेशन प्रिंटआउट
2. ABC पोर्टल रजिस्ट्रेशन प्रिंटआउट
3. कॉलेज रजिस्ट्रेशन शुल्क रसीद
4. हाई स्कूल अंकपत्र
5. इंटरमीडिएट अंकपत्र
6. B.Sc./B.A. अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
7. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
8. आधार कार्ड